**कार्यालय :– प्रधान मुख्य वन संरक्षक–सह–कार्यकारी निदेशक,**
**बंजर भूमि विकास बोर्ड, झारखण्ड, राँची।**

**पत्रांकः–** 1100 **दिनांकः–** 14.12.16

सेवा में,

अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक,
हजारीबाग रीजन, हजारीबाग।

वन संरक्षक,
प्रादेशिक अंचल, हजारीबाग।

**विषय :– चतरा दक्षिणी वन प्रमंडल अन्तर्गत सबानो (रानी पोखर) से केन्दु (भवानी मठ) तक पथ निर्माण हेतु कुल 3.4324 हे0 वनभूमि अपयोजन का प्रस्ताव।**

महाशय,

विषयगत परियोजना हेतु कुल 3.4324 हे0 वनभूमि अपयोजन का प्रस्ताव Online इस कार्यालय में प्राप्त हुआ है। परन्तु Hard Copy तथा प्रस्ताव के संबंध में वस्तुस्थिति एवं संचिका पर क्षेत्रीय मुख्य वन संरक्षक, हजारीबाग का मंतव्य के संबंध में सूचना अप्राप्त होने के कारण प्रस्ताव पर अग्रतर कार्रवाई करना संभव नहीं है, जिसके कारण प्रस्ताव Nodal Officer के स्तर पर Pending दिखाई दे रहा है। अभी तक Hard Copy इस कार्यालय में उपलब्ध नहीं कराना चिन्ता का विषय है और खेदजनक है। उल्लेखनीय है कि Portal पर मामला Nodal Officer के पास Pending दिख रहा है।

ज्ञातव्य है कि पूर्व में इस कार्यालय के पत्रांक 795 दिनांक 11.08.2016 द्वारा सभी वन संरक्षकों को वन विभागीय पत्रांक 4245 दिनांक 08.10.2014 के आलोक में निदेशित किया जा चुका है कि प्रस्ताव (अग्रसारित) Online करने के पूर्व क्षेत्रीय मुख्य वन संरक्षक से संचिका पर अनुमोदन प्राप्त कर ली जाय। उपरोक्त के आलोक में Online प्रस्ताव को वापस करते हुए पुनः निदेशित किया जाता है कि प्रस्ताव पर क्षेत्रीय मुख्य वन संरक्षक से मंतव्य प्राप्त कर पूर्ण प्रस्ताव ही इस कार्यालय में समर्पित किये जायें।

विश्वासभाजन

14/12/16

प्रधान मुख्य वन संरक्षक–सह–कार्यकारी निदेशक
बंजर भूमि विकास बोर्ड, झारखण्ड, राँची।

14.12.16

D:\SUNIL\Proposal (K)\Road\Sabano (Rani Posa), 3.4324 ha., 08.12.16

O/C